**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.05.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आज विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्घाटन किया गया।
- 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अंतर–आयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई।
- ब्रुक्शाबाद के समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में कल प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन किया गया।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम और लिटिल अंडमान के बीच अतिरिक्त जलयान सेवा शुरू की है।

<><><><><><><>

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आज विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक राष्ट्रव्यापी प्री–खरीफ अभियान की शुरूआत की गई। इसका उद्देश्य टिकाउ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और कृषक समुदाय के बीच प्रमुख सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। इस सिलसिले में आज छोलदारी पंचायत हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर द्वीपों के सांसद मुख्य अतिथि और एस डी एम विनायक चमाड़िया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एस डी एम ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान के दौरान शिविर लगाकर किसानों को खरीफ अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के महत्व पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम में छोलदारी पंचायत प्रधान तापसी साहा, कृषि निदेशक अपूर्वा शर्मा, क्यारी के निदेशक ई बी चाकुरकर, संयुक्त निदेशक रमेश, रामा कृष्णा, समिति सदस्य और किसानों ने भाग लिया। यह अभियान बारह जून तक चलेगा।

<><><><><><><>

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली में एक अंतर–आयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की रणनीतियों पर चर्चा की गई। कल हुए बैठक में प्रमुख मंत्रालयों, आयुष संस्थानों और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, ताकि इस वैश्विक स्वास्थ्य उत्सव में व्यापक भागीदारी और प्रभावी प्रचार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सरकार के समग्र दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया ताकि प्रधानमंत्री के हर नागरिक तक योग पहुंचाने के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके। आयुष मंत्री, वैद्य राजेश कोटेचा ने घोषणा की कि इस वर्ष मंत्रालय एक बड़े स्तर पर भागीदारी का लक्ष्य रख रहा है, जिसके तहत 21 जून को विशेष आयोजन योग संगम का आयोजन किया जाएगा। इसमें एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय समारोह की अध्यक्षता प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश से करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान क्लब में कल कला और संस्कृति विभाग की पूर्व सहायक निदेशक डॉ. राशिदा इकबाल द्वारा लिखित पुस्तक 'द स्टोरी ऑफ सेल्युलर जेल प्रिज़न टू पिलग्रिमेज' का अनावरण किया गया। मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस पुस्तक में इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में बताया गया है जिससे हम अपने अतीत के बारे में अधिक स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त कर सके। इस अवसर पर लेखिका डॉ. रशीदा इकबाल ने अपनी पुस्तक के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी जगह है, जहां उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक सेवा की। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य द्वीपों में बिखरी दुर्लभ, भूली हुई कहानियों को उजागर करना और संरक्षित करना था।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद के समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में कल प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक यंत्र व उपकरण प्रदान करना था। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विभिन्न स्थानों में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को आसानी से उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

<><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने सभी पात्र गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों और संगठनों को दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इसका उद्देश्य विशेष शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और पुनर्वास सेवाओं जैसी पहलों में शामिल स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना है। योजना और आवेदन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><>

धन्नीखाड़ी बांध से लंबा लाइन और गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र तक वाटर पाइप लाइन की मरम्मत कर इसे चालू कर दिया गया है। लंबा लाइन और गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र से जलापूर्ति शुरू हो गई है, जिसके सामान्य होने में एक सप्ताह का समय लगेगा। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद से अगले 7 दिनों के दौरान जल आपूर्ति से निपटने के लिए वितरण की योजना बनाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम और लिटिल अंडमान के बीच अतिरिक्त जलयान सेवा शुरू की है। एम वी नालंदा 31 मई को सुबह 8 बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान जाएगा और उसी दिन रात 9 बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए टिकट कल सुबह 9 बजे से जारी किए जाएंगे। यात्री अपने टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर से बुक कर सकते हैं।

<><><><><>

द्वीपों में चांद दिखाई देने के कारण सात जून को ईद–उल–अज़हा मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी अंडमान निकोबार हिलाल समिति की ओर से जारी की गई है।

<><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में सैंतीस मिलीमीटर, हटबे में ग्यारह, ननकौड़ी में दस दशमलव चार मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में नौ दशमलव दो, लांग आइलैंड में सात और कार निकोबार में छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर तेज हवाएं चलेंगी, जो पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। तेज हवा के कारण समुद्र काफी अशांत रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। बारिश के कारण आज कदमतला क्षेत्र में अंडमान ट्रंक रोड पर एक पेड़ के गिरने का समाचार प्राप्त हुआ है, जिससे कुछ घंटो के लिए वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई थी।

<><><><><>